पाकिस्तान क्रिकेट के साथ सुनहरे अध्याय को अंत करने का समय आ गया है। पांच वर्षों तक तीन भूमिकाओं को निभाने का अवसर मिला। इस दौरान जो कुछ भी हासिल हुआ, उस पर मुझे गर्व है। - ग्रांट ब्रैडबर्न

मुख्य कोच, ग्लमॉर्गन के मुख्य कोच के तौर पर तीन साल अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — शाकिब अल हसन

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान शाकिब अल हसन बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में जीत हासिल की है। शाकिब ने बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग से मगुरा के पश्चिम शहर से चुनावी मैदान में थे। उन्होंने करीब डेढ़ लाख वोटो से जीत मिली है। चुनाव के दौरान फैंस को थप्पड़ मारने का भी वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि इलेक्शन कैंपेन के दौरान वह काफी लोगों से घिरे हुए हैं. इसी दौरान एक शख्स उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करता है, तभी शाकिब उसे थप्पड़ मारते हुए एक साइड कर देते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 ओवर फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

शाकिब अल हसन सांसद बने

नई दिल्ली, 8 जनवरी। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान शाकिब अल हसन बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में जीत हासिल की है। शाकिब ने बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग से मगुरा के पश्चिम शहर से चुनावी मैदान में थे। उन्होंने करीब डेढ़ लाख वोटो से जीत मिली है। चुनाव के दौरान फैंस को थप्पड़ मारने का भी वीड़ियो भी वायरल हो रहा है। इस वीड़ियो में देखा जा सकता है कि इलेक्शन कैंपेन के दौरान वह काफी लोगों से घिरे हुए हैं. इसी दौरान एक शख्स उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करता है, तभी शाकिब उसे थप्पड़ मारते हुए एक साइड़ कर देते हैं। बांग्लादेश के एक स्थानीय चैनल के अनुसार यह वीड़ियो 3 जनवरी का है, जब शाकिब प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने के लिए अवामी लीग पार्टी की फरीदपुर में हुई रैली में भी भाग लेने गए थे। शाकिब ने आखिरी बार वनड़े वर्ल्ड़ कप 2023 के दौरान श्रीलंका के खिलाफ खेला था। उनकी कप्तानी में बांग्लादेश पॉइंट टेबल में आठवे स्थान पर थी और ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। शाकिब ने 7 मैचों में 186 रन बनाने के साथ ही 7 विकेट लिए थे। इस दौरान केवल एक अर्धशतक बनाया था।

सुदेवा का दमदार प्रदर्शन और एंड आर एफसी को 9-0 से हराया

नयी दिल्ली, 8 जनवरी। एचसीएल दिल्ली फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में सुदेवा एफसी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए आर एंड़ आर एफसी को 9-0 से रौंद कर पूरे अंक अर्जित किए। वहीं एक अन्य एकतरफा मुकाबले में जुबा सांघा ने 90 मिनट्स को छह गोलों से पीट दिया। दिल्ली टाइगर्स ने ईमी को तीन तीन गोलों से बराबरी पर रोका तो फास्ट एफसी ने नेशनल यूनाइटेड़ पर चार गोलों से जीत पाई। एचसीएल अंड़र 19 मुकाबले में सुदेवा ने हॉप्स को 11 गोलों से धुन दिया तो ईमी ने सीमा पुरी को 25 गोलों से रौंद ड़ाला। बड़े स्कोर वाले एक और मैच में सुदेवा ने हॉप्स को 11 गोलों से हराया। ग्लोरियस ने 90 मिनट्स को 6-1 से पराजित किया। तरुण सांघा, ड्रीम टीम और जुबा सांघा ने भी अपने मैच जीते।

निशानेबाजी में वरुण तोमर, ईशा सिंह ने सुरक्षित किया पेरिस 2024 कोटा

जकार्ता, 8 जनवरी। निशानेबाज वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर राइफल और पिस्टल में क्रमश: पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। 586 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद वरुण तोमर ने फाइनल में हमवतन अर्जुन सिंह चीमा को हराया। वरुण तोमर ने फाइनल में 239.6 की निशानेबाजी के साथ शुरुआत की, तो वहीं चीमा 237.3 का स्कोर करने में सफल रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंगोलिया के दावाखु एनखताइवान ने कांस्य पदक मिला। जकार्ता मीट में, व्यक्तिगत ओलंपिक निशानेबाजी स्पर्धाओं में शीर्ष दो योग्य निशानेबाजों (प्रति देश अधिकतम एक) ने अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए पेरिस 2024 कोटा स्थान सुरक्षित किया। वरुण तोमर का कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का आवंटन भी पूरा हुआ। सरबजोत सिंह ने चांगवोन में 2023 एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में इसी ड़िसिप्लिन में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा प्राप्त किया था।

मालपुरा के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

मालपुरा, 8 जनवरी। जयपुर मे आयोजित 24वीं स्काय मार्शलआर्ट नेशनल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के रोचक मुकाबलो मे मालपुरा निवासी शहादत अहमद पुत्र हाजी शकील अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत प्रदेश व जिले के साथ-साथ जन्मस्थली मालपुरा का नाम रोशन किया। तो इसी क्रम मे मालपुरा के ही खिलाड़ी सैयद हुजैफा पुत्र हाजी अब्दुल मलिक निवासी मौहल्ला सादात ने स्काय मार्शलआर्ट नेशनल चैम्पियनशीप मे सिल्वर पदक जीत क्षैत्र का नाम रोशन किया। खेलप्रेमियो ने दोनो ही खिलाड़ियो को दूरभाष पर बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

खेल सप्ताह का शुभारंभ

श्रीमाधोपुर, 8 जनवरी। राजकीय कन्या महाविद्यालय होद खंड़ेला में खेल सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य ड़ॉ माली राम वर्मा ने किया। खेल प्रभारी ड़ॉ हंसराज चौहान ने बताया कि आज प्रथम दिन दौड़ और रसाकसी खेलो का आयेजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार100 मीटर दौड़ में प्रथम रीना मिटारवाल , दुसरे स्थान पर सरिता महला तथा तृतीय स्थान पलक सैनी रही वही 400 मीटर दौड़ में प्रथम रिंकू स्वामी, दुसरे मोनिका गुर्जर तृतीय स्थान पर मोनिका सेषमा तथा 800 मीटर में प्रथम स्थान सरिता महला दुसरे स्थान पर अंकिता, तीसरे स्थान कविता सैनी रही व रस्साकसी में ममता वर्मा, प्रियंका गुर्जर, कोमल स्वामी का समूह विजेता रही।इस अवसर पर ड़ॉ के सी वर्मा, ड़ॉ आशीष फोगाट, ड़ॉ अनिल शर्मा, ड़ॉ सी पी सैनी , श्रीमती अभिलाषा, श्रीमती सुधा, अमित गर्ग, सुरेश बिवाल, मूल चंद, राजनीश सिदर्थ, गुरुदायल सिंह आदि उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं 11 से

निवाई, 8 जनवरी। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य ड़ॉ. दीपकराज जैन के सानिध्य में 11 से 13 जनवरी तक खेल सप्ताह के अंतर्गत कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। ड़ॉ. सुमन व ड़ॉ. राजश्री ने बताया कि खेल सप्ताह के अंतर्गत नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा कैरम बोर्ड़, शतरंज, टेबल टेनिस, खो-खो, कबड्डी, बैड़मिंटन, गोला फैंक, तश्तरी फैंक, रस्साकशी एवं दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

मो. शमी इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर

सूर्यकुमार हर्निया की सर्जरी के कारण मौजूद नहीं रहेंगे, पहला मैच 25 जनवरी से

मो. शमी ने भारत के लिए 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट लिये

नई दिल्ली, 8 जनवरी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड़ के खिलाफ होने वाले पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। टखने की चोट के बाद से उन्होंने गेंदबाजी फिर से शुरू नहीं की है। 25 जनवरी से शुरू होने वाली सीरीज में 5 टेस्ट होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड़ के एक सूत्र ने बताया, शमी ने अभी तक गेंदबाजी भी शुरू नहीं की है, उन्हें जाकर अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। इंग्लैंड़ के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में उनका खेलना मुश्किल लग रहा है।

दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव भी स्क्वॉड़ से बाहर हो सकते है। वे हर्निया से पीड़ित हैं और उन्हें सर्जरी की जरूरत है। हर्निया के ऑपरेशन के बाद उन्हें मैदान पर प्रैक्टिस करने के लिए भी आठ-नौ सप्ताह तक का समय लग सकता है। उम्मीद है कि वह के दौरान फिट हो जाएंगे। भारतीय टीम ने इंग्लैंड़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए फिलहाल स्क्वॉड़ जारी नहीं किया है। सूर्या ने भारत के लिए इकलौता टेस्ट 9 फरवरी 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेला था। इसमें उन्होंने 8 रन बनाए थे।

मोहम्मद शमी हाल ही में हुए साउथ अफ्रीका के दौरे पर टीम के साथ नहीं गए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड़ ने जब टेस्ट टीम का ऐलान किया था, तब वो स्क्वॉड़ का हिस्सा थे, लेकिन बाद में बोर्ड़ ने बताया कि शमी फिट नहीं होने की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। शमी की जगह आवेश खान को टीम में जगह मिली थी।

भारत की इंग्लैंड़ के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू होकर 11 मार्च तक चलेगी। इंग्लैंड़ 5 टेस्ट खेलने के लिए भारत आएगी। दोनों टीमों के बीच भारत में 3 साल बाद टेस्ट सीरीज होगी, 2021 में पिछली सीरीज टीम इंड़िया ने 3-1 के अंतर से जीती थी। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। इस बार बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड़ टीम भारत आएगी। स्टोक्स की कप्तानी में टीम अपने आक्रामक बैटिंग अप्रोच से न्यूजीलैंड़, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज हरा चुकी है। शमी की वापसी में ज्यादा जल्दबाजी नहीं करेगा, क्योंकि पांच मैचों की टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर खेली जा रही है। भारत की पिच स्पिन फ्रैंड़ली होती है। मौजूदा समय में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह टीम में उपलब्ध रहेंगे। वहीं, स्पिनर के तौर पर भारत के पास अक्षर पटेल, आर अश्विन और रवींद्र जड़ेजा होंगे। इसलिए टीम दो स्पेशलिस्ट पेसर्स के साथ ही उतर सकती है और मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है।

संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ गतिविधियों पर रोक : संजय सिंह

गोण्ड़ा, 8 जनवरी। भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को साफ किया कि संघ को भंग नहीं किया गया है और केवल उसकी गतिविधियों पर रोक लगायी गयी है। नंदनीनगर महाविद्यालय के प्रांगण में कुश्ती संघ के निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर आयोजित युवाज्ञान शक्ति संगम समारोह में संजय सिंह ने कहा संघ भंग नहीं है। केवल उसके गतिविधियों पर रोक लगायी गयी है।

कुश्ती संघ स्वायत्त संस्था है, इसे भंग नहीं किया जा सकता। संघ अभी भी काम कर रहा है और करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वे तदर्थ समिति को नहीं मानते और भारतीय कुश्ती संघ द्वारा घोषित कुश्ती चैंपियनशिप पूर्व निर्धारित समय से होगी। इन्हीं कारणों से जूनियर खिलाड़ियों का खासा नुकसान हो रहा है। उन्होंने जंतर मंतर पर जूनियर पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर कहा कि जब जूनियर खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है तो वे मजबूरन प्रदर्शन कर रहे है। पदक विजेता पहलवान साक्षी मालिक के जूनियर खिलाड़ियों के बृजभूषण सिंह के इशारे पर प्रदर्शन के आरोपों का जवाब देते हुये कहा कि यें उनकी मर्जी है वे मनगढ़ंत आरोप मढ़ रही हैं। देश लोकतंत्र से चलता हैं न कि लाठीतंत्र या धरनातंत्र से।

लक्ष्य, किदांबी, प्रणॉय और चिराग-सात्विक की जोड़ी मलेशिया ओपन में चुनौती पेश करेगी

कुआलालंपुर, 8 जनवरी। भारतीय बैड़मिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी - चिराग शेट्टी समेत अन्य शीर्ष शटलर मंगलवार से शुरु हो रही मलेशिया ओपन बैड़मिंटन 2024 में चुनौती पेश करेंगे। भारत के कुल 12 बैड़मिंटन खिलाड़ी, चार एकल खिलाड़ी और चार युगल टीमें 2024 मलेशिया ओपन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व नंबर आठ एचएस प्रणॉय और एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, जो कि बीड़ब्ल्यूएफ बैड़मिंटन विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं।

सिंधु की अनुपस्थिति चोटिल होने के कारण आकर्षी कश्यप महिला एकल में भारत की चुनौती पेश करेगी। पूर्व विश्व नंबर एक बैड़मिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और राष्ट्रमंड़ल खेल चैंपियन लक्ष्य सेन पुरुष एकल वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में मिश्रित युगल में कोई भारतीय नहीं है।

नौ जनवरी से शुरु होने वाला मलेशिया ओपन 2024 14 जनवरी को समाप्त होगा। यह प्रतियोगिता शटलरों को पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग रैंकिंग अंक प्रदान करेगा। बैड़मिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंड़ो पिछले साल एक मई को शुरू हुई थी। उल्लेखनीय है कि किसी भी भारतीय शटलर ने अभी तक मलेशिया ओपन का खिताब नहीं जीता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में रोहित-विराट की वापसी

मुम्बई, 8 जनवरी। अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की टीम में वापसी हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड़ (बीसीसीआई) ने आज अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की। टीमे एक साल से अधिक समय के बाद रोहित और विराट की वापसी हुई है। दोनों ने 2022 में हुए टी20 विश्वकप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच नहीं खेला था।

रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या टी20 टीम की कप्तानी कर रहे थे। जब हार्दिक एकदिवसीय विश्पकप के दौरान चोटिल हुए तो सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज़ में भारत की कप्तानी की। लेकिन अब ये दोनों खिलाड़ी चोटिल हैं और आईपीएल के दौरान वापसी कर सकते हैं।

रोहित ने ना सिर्फ वापसी की है, बल्कि वह टीम की कप्तानी भी संभालते नजर आएंगे। उनके साथ शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को सलामी बल्लेबाज़ी के विकल्प के रूप में रखा गया है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उंगली की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। गायकवाड़ को यह चोट दक्षिण अफ्रीका दौरे पर लगी थी। टीम में जितेश शर्मा और संजू सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर विकल्प हैं, जबकि एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट में सफल वापसी करने वाले केएल राहुल को नजरअंदाज किया गया है।

संजू सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शतक बनाया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ अपने आख़िरी टी20आई में अर्धशतक लगाने वाले श्रेयस अय्यर को टीम में जगह नहीं मिली है। हार्दिक के नहीं होने पर शिवम दुबे को तेज गेंदबाज ऑलराउंड़र के विकल्प के रूप में टीम में रखा गया है। रवींद्र जाड़ेजा को टीम में जगह नहीं है और उनकी जगह अक्षर पटेल की टीम में वापसी हुई है। लेग स्पिनर के रूप में भारत के पास रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव का विकल्प है, वहीं वॉशिंगटन सुंदर को ऑफ़ स्पिन ऑलराउंड़ विकल्प के रूप में टीम में रखा गया है।

टीम में अर्शदीप सिंह, आवेश ख़ान और मुकेश कुमार के रूप में तीन युवा विकल्पों को रखा गया है। इसका अर्थ यह भी है कि जहां बल्लेबाज़ी में भारतीय टीम ने अनुभवी चेहरों को प्राथमिकता दी है, वहीं तेज़ गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी नाम नदारद हैं। टी20 विश्वकप से पहले यह भारत की आखिरी टी-20 सीरीज है।

घोषित की गई भारतीय टीम:- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

युनाइटेड कप प्रदर्शन के बाद एलेक्स डी मिनोर शीर्ष 10 में

सिड़नी, 8 जनवरी। यूनाइटेड़ कप में तीन शीर्ष खिलाड़ियों टेलर फ्रिट्ज, नोवाक जोकोविच और अलेक्जेंड़र ज्वेरेव को हराने वाले ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स ड़ी मिनौर 12वें स्थान से उठकर शीर्ष 10 में पहुंच गये है। उन्होंने जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में नंबर 7 रैंकिंग वाले ज्वेरेव को 5-7, 6-3, 6-4 से हराया था। डी मिनौर साढ़े 17 वर्षों में शीर्ष 10 में शामिल होने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति हैं। वह एटीपी रैंकिंग इतिहास में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले 11वें ऑस्ट्रेलियाई हैं। रैंकिंग में नोवाक जोकोविच 11055 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 8,855 अंकों के साथ स्पेन के कार्लोस अल्कारेज है इसके बाद रूस के ड़ेनियल मेदवेदेव 7,555 अंक, जैनिक सिनर 6490 अंक, एंड्री रुबलेव 5010 अंक, अलेक्जेंड़र ज्वेरेव 4275 अंक, स्टेफानोस सितसिपास 4025 अंक, होल्गर रूने 3815 अंक, पोलैंड़ के ह्यूबर्ट हर्काज 3320 अंकों के साथ नौ स्थान और एलेक्स ड़ी मिनौर 2950 अंकों के साथ शीर्ष दस में पहुंच गये है।

ग्रांट ब्रैडबर्न पाकिस्तान क्रिकेट से अलग हुए

लाहौर, 8 जनवरी। ग्रांट ब्रैड़बर्न ने ग्लमॉर्गन के मुख्य कोच के तौर पर तीन साल अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसी के साथ उनका पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

ब्रैड़बर्न ने सोशल मीड़िया पर पोस्ट किया, पाकिस्तान क्रिकेट के साथ सुनहरे अध्याय को अंत करने का समय आ गया है। पांच वर्षों तक तीन भूमिकाओं को निभाने का अवसर मिला। इस दौरान जो कुछ भी हासिल हुआ, उस पर मुझे गर्व है और मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे इतने उम्दा खिलाड़ियों, कोच और सदस्यों के साथ काम करने का अवसर मिला।

ग्लमॉर्गन का पिछला सत्र काफी निराशाजनक रहा। काउंटी चैंपियनशिप के ड़िविजन दो में वह पांचवें स्थान पर रहे जबकि सफेद गेंद प्रतिस्पर्धा में वह नॉकआउट स्टेज तक भी नहीं पहुंच पाए। ब्रैड़बर्न का सबसे पहला टास्क उनके नए कप्तान की नियुक्ति होगी।

ब्रैड़बर्न को पिछले वर्ष सकलैन मुश्ताक की स्थान पर पाकिस्तान की टीम का कोच बनाया गया था। उन्होंने बतौर मुख्य कोच न्यूजीलैंड़, श्रीलंका का टेस्ट दौरा किया था और वह एकदिवसीय विश्वकप में भी पाकिस्तानी टीम के साथ भारत आए थे। एकदिवसीय विश्वकप में पाकिस्तान के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाने के बाद ही ब्रैड़बर्न और आर्थर दोनों पर खतरा मंड़राने लगा था। हालांकि ब्रैड़बर्न और आर्थर दोनों को ही औपचारिक तौर पर पद से नहीं हटाया गया था लेकिन दोनों ने ही पाकिस्तानी दल के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं थे।

चंड़ीगढ़ पहुंचे अफगानिस्तान के खिलाड़ी

11 जनवरी को मोहाली में भारत से होगा 20 मैच

आज करेंगे अभ्यास, आज आएंगी टीम ड़िया

चंड़ीगढ़, 8 जनवरी। भारत के खिलाफ 20 मुकाबले में हिस्सा लेने अफगानिस्तान की टीम चंड़ीगढ़ पहुंच गई है। यह मुकाबला 11 जनवरी को पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेड़ियम में होगा। अफगानिस्तान की टीम आज पीसीए स्टेड़ियम के बैक साइड़ वाले एरिया में नेट पर गेंदबाजी और बल्लेबाजी का अभ्यास करेगी। अफगानिस्तान की टीम चंड़ीगढ़ के आईटी पार्क स्थित एक होटल में रुकी हुई है।

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अमेरिका से भिड़ेगी

रांची, 8 जनवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ में प्रशिक्षण लेने के बाद अनुभवी आक्रमणकारी मिड़फील्ड़र नवनीत कौर ने कहा, रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य मैदान पर कुछ सत्रों का लाभ उठाने में मदद मिली है और इससे हमें इस मौसम के साथ तालमेल बिठाने में भी मदद मिली है। चूंकि हमने भी ऐसा किया है। उन्होंने कहा, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान टीम इस स्थान पर खेल चुकी और मैदान से अच्छी तरह परिचित हैं। हम कुंती जिले में भी गए और प्रशिक्षण लिया यह हमारे कुछ साथियों का घरेलू मैदान है और जो बच्चे यहां आए थे उनके चेहरे पर उत्साह देखना अविश्वसनीय था।

भारत, न्यूजीलैंड़, इटली और अमेरिका के साथ पूल बी में है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और टूर्नामेंट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमें पेरिस 2024 का टिकट मिलेगी। अपनी संभावनाओं के बारे में नवनीत ने कहा, हम बहुत आशावादी हैं। हमारे ग्रुप में जो टीमें हैं वे हमारे लिये कोई नई नहीं है। हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं। सर्कल में हम जो मौके बनाते हैं, उन्हें गोल में बदलना हमारे अभियान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा और टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने से टीम को सही आत्मविश्वास मिलेगा। भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए उतरेगी। टोक्यो ओलंपिक खेलों के पिछले संस्करण में भारत ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहा था। उन्होंने कहा, हम उत्साहित हैं और अपने अभियान को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। हमारे टोक्यो ओलंपिक के प्रदर्शन के बाद, उम्मीदें बहुत अधिक हैं और हम उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते हैं।

हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

इस साल रिटायरमेंट की घोषणा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर, वनडे और टी-20 खेलते रहेंगे

नई दिल्ली, 8 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। वह वनड़े और टी-20 खेलना जारी रखेंगे। क्लासेन ने साउथ अफ्रीका के लिए सिर्फ चार टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 2019 में भारत के खिलाफ रांची में टेस्ट में ड़ेब्यू किया था। हेनरिक इस साल के शुरुआत में टेस्ट से संन्यास लेने वाले साउथ अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर हैं। उनसे पहले ड़ीन एल्गर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने केपटाउन में भारत के खिलाफ 3 जनवरी को दूसरे टेस्ट मुकाबले में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। हेनरिक ने अपने रिटायरमेंट की घोषणा इंस्टाग्राम पर की। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, मैंने रेड़ बॉल (टेस्ट) क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। मैं इस फॉर्मेट से प्यार करता हूं। इससे रिटायरमेंट लेना आसान नहीं था। मैं कई रात सो नहीं पाया। इस पर काफी सोच-विचार करने के बाद मैंने संन्यास लेने की घोषणा की है। मैने मैदान के अंदर और बाहर कई चीजों का सामना किया। जिसने मुझे क्रिकेटर बनाया है। टेस्ट खेलना शानदार रहा और मुझे खुशी है कि मैंने देश का प्रतिनिधित्व कर सका।

गढ़वाल ने अहबाब एफसी को 2-0 से हराया

नयी दिल्ली, 8 जनवरी। प्लेयर ऑफ द मैच निर्मल सिंह बिष्ट और सूरज रसौली के गोलों से गढ़वाल हीरोज ने अहबाब एफसी को 2- 0 से हरा कर ड़ीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। आज यहां अंबेड़कर स्टेड़ियम पर खेले गए हैं दिन के दूसरे मैच में दिल्ली एफसी जैसे तैसे सीआईएसएफ प्रोटेक्टर को रोकने में कामयाब रही।

गोल शून्य बराबरी पर खेले गए मैच में सीआईएसएफ ने गोल करने के कई मौके गंवाए। विशेष रूप से दूसरे हाफ में प्लेयर ऑफ द मैच संतोष कुमार, शक्ति नाथ, मनिंदर नेगी, इमरान और पवन की कोशिश बेकार गई। दिल्ली एफसी के आकाश और गायरी भी मौके नहीं भुना पाए। कुल मिलाकर दोनों टीमों के निशाने लक्ष्य भटकते रहे।

गढ़वाल और अहबाब के बीच खेला गया मैच स्तरीय रहा जिसमें दोनों टीमों ने आसान मौके गंवाए। रविंद्र सिंह नेगी (कबूतर) को याद किया गया। आज यहां अंबेड़कर स्टेड़ियम पर खिलाड़ियों, रेफरियों, फुटबाल प्रेमियों और ड़ीएसए अधिकारियों ने अपने प्रिय फुटबालर कबूतर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 56 वर्षीय नेगी ने रेलवे बोर्ड़, यंग मैन, नेशनल, यंगस्टर्स आदि क्लबों के लिए खेले। उनके बेटे मिलिंद और टायसन भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और नामी क्लबों के लिए खेल चुके हैं। हृदयगति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया था।

अबिन मैथ्यू के पंजे से पुड्डुचेरी ने दिल्ली को 9 विकेट से हराया

नयी दिल्ली, 8 जनवरी। अबिन मैथ्यू के पंजे से पुड्डुचेरी ने सोमवार को एलीट ग्रुप ड़ी मुकाबले में दिल्ली को नौ विकेट से हरा दिया है। आज यहां अरूण जेटली स्टेड़ियम में खेले गये मुकाबले में दिल्ली की दूसरी पारी में कल के 126 के स्कोर में 19 रन का इजाफा कर 145 के स्कोर पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई और उसकी कुल बढ़त 49 रन रही। हर्ष त्यागी 28 रन और ईशांत शर्मा पांच रन बनाकर आउट हुये। पुड्डुचेरी ने दूसरी पारी में 13.4 ओवर में एक विकेट पर 51 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। आकाश करगावे 23 रन बनाकर आउट हुये उन्हें चौहान ने बोल्ड़ आउट किया। जय पांड़े ने नाबाद 21 रन और मरिमुथु विकनेरश्वरन ने नाबाद सात रन बनाये। इससे पहले पुड्डुचेरी ने रविवार को दो विकेट पर 113 रन से आगे खेलना शुरु किया और पूरी टीम 63.3 ओवर में 244 रन बनाकर सिमट गई। पुड्डुचेरी की ओर से संतोष रत्नपारखे ने सबसे अधिक 60 रन बनाये। कृष्णा पांड़ेय ने 44 रन, पारस ड़ोगरा 31 रन, आकाश करगावे 28 रन, जय पांड़े और कप्तान फबिद अहमद ने 18-18 रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली की ओर से ऋतिक शौकीन ने चार विकेट लिये। हिमांशु चौहान को तीन विकेट मिले। नवदीप सैना ने दो और ईशांत शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद मैथ्यु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली को हार की ओर धकेल दिया। दिल्ली की दूसरी में पारी में कप्तान यश ढुल 23 रन बनाकर आउट हुये। उन्हें मैथ्यू ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद लक्ष्य थरेजा भी 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वैभव शर्मा 15 रन, ऋतिक शौकीन 19 रन, हिम्मत सिंह और नवदीप सैनी पांच-पांच रन, आयुष बदोनी और क्षितिज शर्मा चार-चार रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने तक दिल्ली ने 126 के स्कोर पर आठ विकेट गंवा दिये थे और हर्ष त्यागी नाबाद 13 रन और ईशांत शर्मा नाबाद एक रन पर क्रीज पर थे।